भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा व हक़दारी)
हिमाचल प्रदेश, शिमला 171003
दूरभाष: 0177-2814935

INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE
PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E),
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-171003
E-mail: agaehimachalpradesh@cag.gov.in

संख्या : प्रशा /EG-1((xii)/कल्याण सहायक/2023//2025-26/3518-19 दिनांक:- 24-12-2025

सेवा में

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी विभागाध्यक्ष |

विषय:- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हिमाचल प्रदेश, शिमला के कार्यालय में कल्याण सहायक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध ।

महोदय/महोदया,

इस कार्यालय में कल्याण सहायक लेवल 08 के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह रिक्ति मुख्यालय कार्यालय द्वारा पत्र संख्या 60-स्टाफ (APP)-I/14-2023 दिनांक 27.01.2025 के माध्यम से एवं समय-समय पर प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भरी जाएगी।

प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड निम्नानुसार हैं:-

1. वर्तमान कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समान पदों पर काम करना या मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वरिष्ठ लेखाकार/ वरिष्ठ लेखापरिक्षक (लेवल 6) और सहायक पर्यवेक्षक (लेखे/लेखापरीक्षा) (लेवल 7) के ग्रेड में तीन साल की कुल सेवा ।
2. कल्याण या सामुदायिक गतिविधियों, हाउसकीपिंग, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों, पर्सनल एडमिनिस्ट्रेशन जिसमें व्यक्तिगत दावे का निपटारा शामिल है, के क्षेत्र में तीन साल का अनुभव होना।
3. वे अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आए व्यक्ति भी पदोन्नति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।
4. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

प्रतिनियुक्ति के लिए सेवा शर्तें निम्नानुसार हैं :-

1. कल्याण सहायक का पद 7वें वेतन आयोग के अनुसार पे लेवल-8 में होगा।
2. चयनित अभ्यर्थी को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/11/2017-Estt.(Pay-II) दिनांक 24.11.2017 के अनुसार प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता या इस पद का वेतनमान आहरित करने के पत्र होंगे |
3. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए होगी तथा रिक्ति की उपलब्धता तथा अभ्यर्थी की उपयुक्तता के अनुसार इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

इस सम्बन्ध में आपसे यह अनुरोध किया जाता है कि कृपया योग्य एवं इच्छुक अधिकारियों / कर्मचारियों के आवेदन, जो संलग्न प्रोफार्मा में हों, पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर) की सत्यापित प्रतियां तथा सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र इस कार्यालय को 10.01.2026 तक ई-मेल के माध्यम से भेज दें।

यह प्रधान महालेखाकार महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

Digitally signed by
Meenu Sharma
Date: 24-12-2025
10:12:08
उप महालेखाकार (प्रशासन)

प्रतिलिपि ईडीपी अनुभाग को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भेजी जा रही है।

-हस्ता-
उप महालेखाकार (प्रशासन)

गार्टन कैसल बिल्डिंग, शिमला– 171 003 दूरभाष: 0177-2614935, फैक्स: 0177-2814934
Gorton Castle Building, Shimla-171 003 Phone: 0177-2614935, Fax: 0177-2814934
E-mail:agaeHimachalpradesh@cag.gov.in